जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-10 | जयपुर, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2022-23: राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने 94 कलाकारों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं में उत्कृष्टता हासिल करने वाले कलाकारों को वर्ष 2022-23 के संगीत नाटक अकादमी अवार्ड्स से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने संगीत, नृत्य, नाटक, लोक व जनजातीय कलाएं, कठपुतली और संबद्ध रंगमंच कला के क्षेत्र में 94 प्रतिष्ठित कलाकारों (दो संयुक्त पुरस्कार) को साल 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किए।



राजस्थान से वर्ष 2022 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रख्यात कलाकारों में हिंदुस्तानी इंस्ट्रूमेंटल सरोद वादन में बेहतरीन उपलब्धि हासिल करने वाले कलाकार वसंत काबरा, अलाइड थिएटर आर्टस (लाइटिंग) में दौलतराम वेध और परंपरागत लोक संगीत भपंग वादन के लिए श्री गफूरुद्दीन मेवाती जोगी को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया, वहीं राजस्थान के मोईनुद्दीन खान को सारंगी वादन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों दिया गया।

## वूमेंस डे का तोहफा - मोदी सरकार ने 100 रुपये सस्ता किया एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** महिला दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। अब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 100 रुपये कम हो गए हैं। पीएम मोदी ने इसका ऐलान एक्स पर अपने एक पोस्ट के जरिए किया है। एक्स पर लिखे पोस्ट में मोदी ने कहा महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। केंद्र ने उज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी वर्ष 2024-25 में भी जारी रखने का फैसला किया है। करीब 10 लाख लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इन्हें वर्ष में 12 सिलेंडर पर सब्सिडी मिलेगी। दिल्ली में रसोई गैस सिलेंडर के दाम 903 रुपये है पर योजना के तहत सिलेंडर 603 रुपये में मिलेगा।



## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने किया महिला उद्यमिता शिविर का उद्घाटन

**अलवर (हमारा वतन)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर में नाबार्ड व सखी डेयरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला उद्यमिता शिविर का उद्घाटन किया तथा हस्तशिल्प उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी में 40 स्टालों अवलोकन किया। मंत्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाकर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस प्रदान कर धुआं मुक्त रसोई, पीएम आवास योजना के तहत अपने घर का सपना पूरा करना, स्वनिधि योजना के माध्यम से स्वयं का रोजगार करने में सहूलियत प्रदान करने जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि एक महिलाएं परिवार को संभालने के साथ-साथ देश के विकास में भी अपनी सकिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य, कला, सामाजिक सुधार व अन्य उपलब्धियों के लिए 35 महिलाओं को पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने वाले महिला उद्यमी एवं संस्थाओं को सहभागी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



मंत्री शर्मा ने महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई यह प्रदर्शनी महिलाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का प्लेटफार्म प्रदान करती है अतः इस प्रकार की प्रदर्शनियां समय-समय पर लगाकर आमजन को हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने सखी डेयरी की एफपीओ के रूप में हुई प्रगति की सराहना भी की।

### बेटी फाउंडेशन ने आयोजित किया केटीसी पिंक रत्न अवॉर्ड 2024

## बॉलीवुड एक्ट्रेस रितु शिवपुरी ने 101 प्रतिभाओं को दिया अवार्ड





**जयपुर (हमारा वतन)।** बेटी फाउंडेशन और केटीसी ग्रुप के सहयोग से पिंक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवार्ड शो में 51 महिला और 51 पुरुषों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3 बजे से जयपुर स्थित मिस्टिक फाल्स होटल में किया गया। जिसमें सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस रितु शिवपुरी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केटीसी ग्रुप के चेयरमैन वॉटरप्रूफिंग किंग राज खान रहे। सेलिब्रिटी गेस्ट अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने कहा कि आजकल महिलाएं पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं, उनको आगे बढ़ता हुआ देखकर बड़ी खुशी होती है। महिलाओं को यही कहना चाहूंगी कि वह पूरी शिद्दत के साथ अपने कार्यों को अंजाम दें और अपनी एक अलग से पहचान बनाएं। वहीं मुख्य अतिथि वॉटरप्रूफिंग किंग राज खान ने कहा कि बेटी फाउंडेशन द्वारा पहली बार महिलाओं को बिना किसी फीस के अवार्ड प्रदान किया है, जो एक जयपुर में इतिहास है। सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं।

आयोजक राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जयपुर की महिलाओं को एक मंच प्रदान कर उनके हौसले को बुलंद करना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के तहत बेटी फाउंडेशन पिछले 8 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है।

## इनाया फाउंडेशन ने करौली में गर्ल्स को किया गुड टच बैड टच को लेकर जागरूक

**करौली (हमारा वतन)।** करौली जिले में आरसीएससीई,इनाया फाउंडेशन एवं आरएचआई मग्नेसिटा द्वारा समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन, महात्मा गांधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडरायल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर, महात्मा गांधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्री महावीर जी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नारोली डांग में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में इनाया फाउंडेशन के टीम मेंबर रोहित शर्मा, योगेन्द्र कुमार, अर्पण भट्ट, वर्षा द्वारा गुड टच- बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पोस्को एक्ट 2012 और बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन की जानकारी दी गयी। इस दौरान जिन छात्राओं ने जवाब दिया उन्हें जीटीबीटी मेडल,ट्रॉफी इत्यादि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर आरएचआई के द्वारा सम्मानित किया गया। इनाया फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम गुड-टच बैड- टच, जीटी बीटी, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो के माध्यम से बच्चों को सही व गलत स्पर्श के बारे में समझाया जा रहा है। क्योंकि समझेंगे बच्चे तभी तो अपने हक के लिए लड़ेंगे बच्चे जिसे नाम दिया गया गुड - टच, बैड- टच, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो। विभिन्न स्कूलों में एवं कई गांवों में जाकर छात्राओं को सही व गलत स्पर्श की जानकारी दी गई। साथ ही आम लोगों को भी जागृत करने के प्रयास किए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सावित्री मीना, प्रधानाचार्या सीमा जादौन एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ब्राह्मण समाज ने विधायक गोपाल शर्मा का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के नेतृत्व में मोरिजा रोड स्थित खुशबू होटल में पदाधिकारीयो एवं समाज बंधुओ ने जयपुर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का शेखावाटी जाते समय माला, शॉल, साफा एवं भगवान परशुराम जी की प्रतिमा भेंटकर अभिनंदन किया।



इस दौरान गणेशदास महाराज, राम मनोहर शर्मा, पदाधिकारियों में बनवारी लाल शर्मा, डॉ राम प्रकाश शर्मा, डॉ. बंशीधर शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, अशोक रेवडका, ओमप्रकाश रीडर, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मुकेश लालानी, सुनीता शर्मा, सुमन शर्मा, नारायण शर्मा, राम बिहारी शर्मा, शिवदयाल लालानी, रमेश भातरा, सतीश शर्मा, राम बिहारी शर्मा, राजेश महेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से ऊर्जा उत्पादन को मिलेगी नई रफ्तार-बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाएं होंगी स्थापित



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं निरंतर प्रयासों से प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। प्रदेश में ऊर्जा प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं थर्मल व अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य विभिन्न एमओयू तथा पावर परचेज एग्रीमेंट होगा।

राज्य में 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाओं सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए राज्य की 3 विद्युत निगमों एवं 6 केन्द्रीय उपक्रमों के उच्च अधिकारियों के मध्य रविवार सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय में 5 एमओयू तथा एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया।

इन समझौतों के तहत 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएन) के साथ कोल इंडिया लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) तथा एनएलसी इंडिया के मध्य एमओयू किया गया। इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा आधारित 28 हजार 500 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए आरवीयूएन तथा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के बीच एमओयू होगा। ये नई परियोजनाएं संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित की जाएंगी तथा इन पर 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंडित रविन्द्राचार्य ने किया महिलाओं का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने सभी महिलाओं का सम्मान किया। आचार्य ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज सभी को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, श्याम कलम देकर सम्मानित किया। दा पैलेस स्कूल सिटी पैलेस जयपुर में याशिका वासवानी ने 100 रिले रेस में फर्स्ट रैंक गोल्ड मेडल जीतकर सभी का मान सम्मान बढ़ाया है । याशिका को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर , श्याम कलम देकर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रितु वासवानी, नेहा सोनी, पुष्पा केवलानी,सुनीता सोनी, मीना अग्रवाल, मेगा शर्मा, गोरी कुमावत आदि महिलाएं उपस्थित रही।





# विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा सिविल लाइन एनबीसी के मंदिर में नारी शक्ति का सम्मान किया। बजरंग सिंह काचरेड़ा ने कहा कि नारी शक्ति देश के लिए अहम भूमिका निभाती है ।

मैं सभी नारी शक्ति से अपील करता हूं आप ज्यादा से ज्यादा समाज के हित में, देश के हित में आगे आए और अपनी भागीदारी निभाएं । इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण के विषय में, प्रदेश और केंद्र की योजनाओं के बारे में प्रदीप ने उनको अवगत कराया। नारी सशक्तिकरण के मोटिवेशन के लिए बहुत सी बातें बताई गई। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह कचरेड़ा ने गोल्ड मेडल से नारियों का सम्मान किया ।

इस दौरान विनायक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश, विनायक दल की अधिकारी दामिनी सहित नारी शक्ति भी मौजूद रही ।

# श्रद्धालुओं ने भेंट की साई मंदिर में विभिन्न वस्तुएं



**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर विभिन्न वस्तुएं भेंट की।

मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि छोटा गुढा निवासी रतन कुमावत-सुनीता देवी ने मंदिर में इलेक्ट्रॉनिक आरती, गुरुड घंटा, दीपक, लालटेन और मंजीरा आदि वस्तुएं भेंट की। वहीं निवाना निवासी शंकर कुमावत ने मनोकामना पूर्ण होने पर बाबा का मनमोहक श्रृंगार करवाया और प्रसादी का भोग लगाया ।

इस दौरान सुरेश कुमावत, महेश कुमावत, राजेंद्र कुमावत, गणेश कुमावत, मक्खन कुमावत, राहुल कुमावत, कमला देवी, मखनी देवी, विमला देवी, पुष्पा देवी, पिंकी देवी, ज्योति देवी, जीवनी देवी ,मोहिनी देवी, किरण देवी, अनीता देवी, गुलाब देवी और कविता देवी भी मौजूद रही।

# भोजपुरी सिंगर प्रमिला राज ने वूमेंस डे पर दिया बेटी को जन्म





**उत्तर प्रदेश (हमारा वतन)।** भोजपुरी भाषा की मशहूर सिंगर प्रमिला राज ने 8 मार्च को वूमेंस डे और महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बहुत ही सुन्दर बेटी को जन्म दिया है। प्रमिला राज के पति और म्यूजिक कंपोजर प्रीतम राज ने बताया कि आज देवरिया जिले के सुकरवाली स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल में प्रमिला ने बेटी को जन्म दिया है । डॉक्टर ने दोनों को स्वस्थ बताया है । दंपति ने कहा कि आज विश्व महिला दिवस और महाशिवरात्रि दोनों हैं इसलिए हमारे घर में देवी का आगमन हुआ है । ईश्वर का धन्यवाद है कि यह हमारे जीवन में खुशहाली लेकर आई है ।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि प्रमिला राज उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की रहने वाली हैं और वर्ष 2019 से सिंगिंग कर रही है ।

अब तक करीब 100 गाने गा चुकी हैं । इनका गाना पियवा डालत रहेले आज भी लोगों की जुबान पर है । इनके फेसबुक पर 1लाख 49 हजार फॉलोअर्स और इंस्टाग्राम पर 41 हजार फॉलोअर्स हैं ।

**(कविता)**

## आया फागुन

आया फाल्गुन खुशियां लेकर,
आलम खुशहाली का छाया।
मनभावन सबको यह लगता,
होली रंगोत्सव जो आया।
फाग गाते चंग बजाते,
बड़के बूढ़ों संग मोट्यार।
चांद गयो गिरनार सरीखे,
गीत गाती नई नवेली नार।
फागुन मास पूर्णिमा दिवस,
छाती खुशियां अति अपार।
हंसी खुशी और आनंद का,
प्रमुख हैं भारतीय त्योहार।
रंग बिरंगे पानी गुब्बारों संग,
उत्साह का संदेश लाया।
मनभावन सबको यह लगता,
होली रंगोत्सव जो आया।
खेत देख लहलहाती फसल,
प्रफुल्लित कृषक करते गर्व।
समाज एकता सूत्र में बांधता,
भारतीय पारंपरिक स्नेह पर्व।
मिटा दिलों की सब दूरियां,
प्रेमपूर्ण अनुराग उपजाते।
आपस में गले मिल सब,
अरुणित सी अबीर उड़ाते।
राष्ट्रीयता भाव संजोकर सबने,
शोभित उद्यान सा राष्ट्र सजाया।
मनभावन सबको यह लगता,
होली रंगोत्सव जो आया।

**-महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**नीमकाथाना, राजस्थान**



# बाड़मेर में सैन्य इंजीनियर सेवा का रिश्वतखोर सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता गिरफ्तार

बाड़मेर(वि.सं.)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक व्यक्ति से 8,000/- रु. की रिश्वत स्वीकार करने पर जालिपा मिलिट्री स्टेशन, बाड़मेर, राजस्थान के सैन्य अभियंता सेवा के सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता (एजीई) को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर इस आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जिसमें संविदा कर्मचारी के ड्यूटी/दायित्वों को सुविधाजनक बनाने के लिए उससे 8,000/- रु. की रिश्वत माँगने का आरोप है। इस शिकायत के बाद सीबीआई ने अभियंता को पकड़ने के लिए जाल बिछाया एवं आरोपी को शिकायतकर्ता से 8,000/- रु. की रिश्वत स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा। प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में आरोपी के जालिपा (बाड़मेर) स्थित आवासीय परिसर की तलाशी ली गई। आरोपी को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत जोधपुर के समक्ष पेश किया जाएगा। इस मामले में जाँच जारी है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

**रोडवेज की समीक्षा बैठक**

# रोडवेज को 900 इलेक्ट्रीक बसों की आवश्यकता, शीघ्र शुरू करे उपापन संबंधी प्रक्रिया:अध्यक्ष रोडवेज



जयपुर(नि.सं.)। परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि रोडवेज में बीएस-6 श्रेणी की 340 ब्लू लाईन 3×2 बसों के चैसिस और बस बॉडी की ख़रीद के लिए फ़र्मों को सहमति पत्र दिये जा चुके है, और आगामी 90-100 दिनों में यह बसें रोडवेज बेड़े में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि निगम को 2026 तक लगभग 900 इलेक्ट्रीक बसों की आवश्यकता होगी, इसके लिए भी विभाग शीघ्र उपापन से संबंधित प्रक्रिया शुरू करेगा। जिससे की वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना के साथ दिल्ली-जयपुर मार्ग पर बसों का संचालन निर्बाध रूप से हो सकें। उन्होने इसके लिए आवश्यक वित्तीय आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। गुहा रोडवेज मुख्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होने रोडवेज में शुरू होने वाले कमाण्ड सेन्टर्स की प्रगति, अगले सप्ताह से मुख्यालय पर शुरू होने वाली बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स, साफ-सफाई, केपीआई, नए बस अड्डो के नवीनीकरण एवं निर्माण, राजस्व अर्जन एवं प्रति किलामीटर लक्ष्यों की भी जानकारी ली। रोडवेज में महिला कार्मिको द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुख्य आतिथ्य में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुहा ने कहा कि बतौर मॉ आप सभी अपनी बेटियों के सपनो को उडान भरने दे, इससे ना केवल उनमें आत्मविश्वास विकसित होगा बल्कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से भी लडने के लिए तैयार रहेगी।

## जॉब्स-

1. आरआरबी, पद टेक्नीशियन, पद संख्या 9144, अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024
2. संघ लोक सेवा आयोग, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या 1930, अंतिम तिथि 27 मार्च 2024
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एलडीसी/क्लर्क, पद संख्या 4197, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, छात्रावास अधीक्षक, पद संख्या 112, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड सेकंड, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
6. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद महिला सुपरवाइजर, पद संख्या 209, अंतिम तिथि 21 मार्च 2024
7. राजस्थान सफाई कर्मचारी भर्ती, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 24797, अंतिम तिथि 24 मार्च 2024
8. कर्मचारी चयन आयोग एसएससी, पद एसआई, पद संख्या 4187, अंतिम तिथि 28 मार्च 2024




# 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में रोमांस करेंगे दिशा पाटनी और प्रभास, फ्लाइट से सामने आई सबसे क्यूट फोटो

इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक कल्कि 2898 एडी मई में रिलीज होने को तैयार है। फिल्म के लास्ट शेड्यूल की शूटिंग के लिए एक्टर्स दिशा पाटनी और प्रभास इटली रवाना हो चुके हैं और फ्लाइट से उनकी एक प्यारी सी फोटो सामने आई है।



साउथ के मशहूर एक्टर प्रभास और दिशा पाटनी अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली रवाना हुए। फिल्म की रिलीज डेट पहले ही चार बार टाली जा चुकी है। इसकी शूटिंग अभी भी चल रही है। इसके मेकर वैजयंती मूवीज ने इंस्टाग्राम और ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें प्रभास, नाग अश्विन और फिल्म के बाकी क्रु एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। इसी बीच, दिशा और प्रभास की भी एक फोटो सामने आई है, जिसमें वो एक्टर की फोटो क्लिक करती नजर आ रही हैं।फोटो में Disha Patani और Prabhas एक फ्लाइट के अंदर हैं। मेकर्स ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, एक प्यारी फोटो। इटली डायरीज़ फीट प्रभास और @DishPatani' फोटो में दिशा को प्रभास की फोटो क्लिक करते हुए देखा जा सकता है।

**कल्कि 2898 एडी कास्ट**-फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका है और टीम कुछ बचे हुए गाने के सीन्स को शूट करने के लिए काम कर रही है। बड़े बजट की इस फ़िल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी हैं, जो 9 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

**अमिताभ बच्चन को लगी थी चोट**-जहां कमल हासन पिछले साल जून में कास्ट में शामिल हुए, वहीं दीपिका ने भी 2023 में अपने सीन्स की शूटिंग की। कल्कि 2898 A' के सेट पर स्टंट करते समय अमिताभ घायल हो गए थे। एक्टर की हड्डी टूट गई थी और मांसपेशियों में भी चोट आई थी, ठीक होने के बाद अपने हिस्से की शूटिंग के लिए लौट आए।

# ट्विंकल खन्ना ने अचानक बदल दी इंस्टा डीपी, लिखा क्रिप्टिक मैसेज; लोग बोले- आखिर माजरा क्या है?

ट्विंकल खन्ना ने सोशल मीडिया पर नया पोस्ट किया है और साथ ही अपनी डीपी बदल दी है जिससे फैंस बहुत कन्फ्यूज हो गए हैं। फैंस के सवालों की लड़ी लग गई है कि एक्ट्रेस ने ऐसा क्या पोस्ट किया है। ट्विंकल खन्ना उन सेलेब्स में से हैं जो आज तक सोशल मीडिया पर सिर्फ नॉर्मली पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ को लेकर पोस्ट करती हैं। हालांकि अब ट्विंकल ने एक इंस्टाग्राम स्टंट किया जिसपर सबका ध्यान है। सभी जानना चाहते हैं कि आखिर ट्विंकल का यह नया पोस्ट और नई डीपी का क्या मतलब है। ट्विंकल की डीपी में जो फोटो है उसमें उनकी फोटो पर कुमार प्लस 1 लिखा है।



**क्या है ट्विंकल का पोस्ट**-सभी कन्फ्यूज हो रहे हैं कि आखिर ट्विंकल ने ऐसा क्यों लिखा है। वहीं कुछ अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं ट्विंकल यह मैसेज तो नहीं देना चाह रहीं कि सब उन्हें अक्षय कुमार की पत्नी के रूप में ही जाने जाते बल्कि उनके प्रोफेशनल अचीवमेंट को लेकर बात नहीं करते।

**लोगों के रिएक्शन**-अब ट्विंकल के पोस्ट पर अलग-अलग कमेंट्स आ रहे हैं। कोई लिख रहा है कि जरूर कुछ नया और दिलचस्प सब्जेक्ट पर बात करने वाली हो। तो किसी ने लिखा कि कहीं कोई नई किताब तो नहीं लेकर आ रहे। वहीं एक ने तो यह तक पूछ लिया कि कहीं आप प्रेग्नेंट तो नहीं। बता दें कि ट्विंकल ने हाल ही में लंदन के गोल्डस्मिथ यूनिवर्सिटी से फिक्शन राइटिंग में मास्टर्स की है।






# रोज के फिटनेस रूटीन में बदलाव चाहिए तो फंक्शनल ट्रेनिंग है विकल्प

**अगर आप एक ही समय में अपने पूरी बॉडी को काम पर लगाना चाहते हैं, तो फंक्शनल ट्रेनिंग अपनाकर देखिए!** शरीर के अलग हिस्सों को फैट फ्री और टोंड बनाने के लिए आपका लेग डे, बैक डे और अपर बॉडी डे का पालन कर पाना असंभव लग सकता है। इसी परेशानी को दूर करने के लिए हम लाए हैं फंक्शनल ट्रेनिंग । बॉलीवुड की चार्मिंग एक्ट्रेस भाग्यश्री भी कर रहीं हैं इसकी सिफारिश। यह प्रशिक्षण आपके दैनिक जीवन में किए जाने वाले मूवमेंट की तरह दिखता है। कई व्यायामों का समावेश इस ट्रेनिंग को पूर्ण करता है। यह शरीर के किसी विशिष्ट हिस्से को लक्षित किए बिना समग्र बॉडी के लिए डिजाइन किया जाता है। तो अगर आपको अपनी परेशानी का हल मिल गया है, तो फंक्शनल ट्रेनिंग के बारे में अधिक जानकारी लें।



**इतना अच्छा क्यों है फंक्शनल ट्रेनिंग?**

फिटनेस स्तर, उम्र, एक्सरसाइज का अनुभव या उपलब्ध समय की परवाह किए बिना फंक्शनल ट्रेनिंग प्रत्येक व्यक्ति के लिए फायदेमंद है। यह आपके फिजिक को सुधारने, कैलोरी बर्न करने, मसल स्ट्रेंथ को बढ़ाने और एरोबिक क्षमता को आगे ले जाने में मदद करता है। इस ट्रेनिंग का मुख्य घटक बस मूवमेंट में रहना है। अलग दिशाओं में, अलग गति के साथ और विभिन्न प्रकार के इक्विपमेंट्स की सहायता से, फंक्शनल ट्रेनिंग आपको कई तरह के वर्कआउट एक साथ प्रदान करता है। यह शरीर के लगभग हर मसल पर काम करता है।

**कैसे शामिल करे अपने फिटनेस रूटीन में फंक्शनल ट्रेनिंग?**

फंक्शनल ट्रेनिंग मांसपेशियों पर अलग तरह से काम करती है। अगर आपके बिजी शेड्यूल में शारीरिक गतिविधियों के लिए समय कम रहता है, तो इन एक्सरसाइज को मिलाकर आप प्रभावी फंक्शनल ट्रेनिंग कर सकते हैं। कुछ सामान्य फंक्शनल अभ्यासों में शामिल हैं ये सभी अभ्यास एक समय में एक से अधिक मांसपेशियों या मांसपेशियों के समूह को लक्षित करते हैं।

**क्या है फंक्शनल ट्रेनिंग के फायदे?**

**सुडौल और टोंड बॉडी** -यह ट्रेनिंग एक ही समय में कई मांसपेशी समूहों का उपयोग करता है जो एक दुबले, अधिक पुष्ट दिखने वाले शरीर को विकसित करने में मदद कर सकता है। कई एथलीटों और नर्तकियों के आकर्षक फिजिक होने का कारण यह है कि वे ऐसे ट्रेनिंग का अभ्यास कर रहे हैं जो पूरे शरीर का उपयोग करते हैं।

**अधिक कैलोरी बर्न**-पारंपरिक स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की तुलना में फंक्शनल ट्रेनिंग अधिक कैलोरी जलाने में मदद कर सकता है। 1 लीटर ऑक्सीजन की खपत के लिए शरीर लगभग 5 कैलोरी ऊर्जा जलाता है। जब भी आप अधिक मांसपेशियों का उपयोग कर रहे होते हैं, तो आप अधिक ऑक्सीजन का उपभोग करते हैं और अधिक कैलोरी बर्न कर रहे होते हैं।

**बेहतर मूवमेंट पैटर्न**-मानव शरीर हिलने-डुलने के लिए बना है। इस प्रशिक्षण का मतलब है कि व्यायाम मूवमेंट के पैटर्न पर आधारित होते हैं, न कि अलग-अलग मांसपेशियों की क्रियाओं पर। आपके शरीर को विशेष रूप से सबसे अधिक कुशलता से कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फंक्शनल ट्रेनिंग की मदद से आपके मूवमेंट को विशिष्ट पैटर्न में व्यवस्थित किया जा सकता है। यह ट्रेनिंग वन साइज फिट ऑल नहीं है। इसकी लाभ और कमियां सभी के लिए अलग-अलग हैं। यह उनके लक्ष्यों, उनके द्वारा अभ्यास किए जाने वाले एक्सरसाइज, और बहुत कुछ पर निर्भर करता है। इसलिए फंक्शनल ट्रेनिंग करते वक्त आपको इन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

**इसे अन्य व्यायामों के साथ मिलाएं**-व्यायाम की विभिन्न शैलियां समान लक्ष्यों तक पहुंचने में आपकी मदद कर सकती हैं। व्यायाम जो केवल कुछ पैर की मांसपेशियों को लक्षित करते हैं।

वे अभी भी रनर को अपनी गति बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अपनी फिटनेस में सुधार के लिए अन्य कसरत शैलियों के साथ इस प्रशिक्षण का उपयोग करें।

**विशिष्ट अभ्यास मायने रखते हैं**-चेयर स्क्वॉट्स आपको जंपिंग जैक से ज्यादा उठने में मदद करेंगे। किसी गतिविधि में आपका कौशल तब बेहतर होता है जब आपका प्रशिक्षण उससे काफी मिलता-जुलता हो।

# बिना किसी चूर्ण और दवा के पेट साफ करना है, तो इन नियमों को आजमा कर देखें



स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना हैं कि एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति दिन औसतन एक से तीन बार शौच करता है। लेकिन अगर आपके साथ ऐसा नहीं होता, तो इन नियमों का पालन करना आवश्यक है। अगर आपको दिन में तीन बार शौच करना अकल्पनीय लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं। लेकिन अगर हर दिन कम से कम एक बार शौच करना भी सवाल से बाहर लगता है, तो आप थोड़ा पीछे हो सकते हैं। दिनचर्या में बदलाव, कुछ खाद्य पदार्थ और यहां तक कि तनाव जैसी साधारण चीजें नियमित मल त्याग को बाधित कर सकती हैं। लेकिन सही देखभाल के साथ चीजों को वापस पटरी पर लाना बहुत आसान है। आपके पाचन को दुरुस्त करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी कुछ नियमों का सुझाव देते हैं।

**हेल्दी बॉवेल मूवमेंट के लिए इन बातों का ध्यान दें**

**नियमित स्लीपिंग पैटर्न का पालन करें**-हर रात एक ही समय पर सोने से नियमितता बनाए रखने में मदद मिल सकती है। आहार और पोषण विशेषज्ञों का मानना है कि नींद के पैटर्न में बदलाव आपके सर्कैडियन लय को प्रभावित कर सकता है। जो आपके स्लीपिंग पैटर्न के चक्र और पाचन दोनों को नियंत्रित करता है।यही कारण है कि ज्यादातर लोगों सुबह-सुबह मल त्याग करते हैं। आपकी नींद के चक्र में कोई भी बदलाव कॉलोनिक गतिशीलता में बदलाव का कारण बन सकता है, जिससे मल त्याग में देरी हो सकती है।

**प्रोबायोटिक सप्लीमेंट लें**-आपके पाचन को विनियमित करने और एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम बनाने में मदद करने के लिए प्रोबायोटिक सप्लीमेंट लेना आवश्यक है। अध्ययनों से पता चला है कि ये लाभकारी बैक्टीरिया उस गति को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिसमें आंतों के माध्यम से यात्रा होती है। प्रोबायोटिक्स को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए, हर सुबह नाश्ते की स्मूदी के साथ एक उच्च गुणवत्ता वाला प्रोबायोटिक ले सकते हैं।

**इंटरमिटेंट फास्टिंग करने की कोशिश करें**-चूंकि आप आंत को सभी पाचन से आराम देने की कोशिश करते हैं, इसलिए सबसे पहले आपको कम से कम 16 घंटे उपवास करने की कोशिश करनी चाहिए। इसका मतलब है कि आप 16 घंटे का अंतराल रखते हैं अपने दिन के अंतिम भोजन और नाश्ते के बीच।

उदाहरण के लिए, दिन का अंतिम भोजन रात 8 बजे खाना और दिन का पहला भोजन दोपहर 12 बजे। अगला दिन 16 घंटे के उपवास के बराबर होगा। यह सुबह में उचित जलयोजन के लिए जगह छोड़ देता है। जो पाचन का समर्थन करने में मदद कर सकता है।

**सारांश**-नींद की दिनचर्या को बनाए रखना, प्रोबायोटिक सप्लीमेंट लेना, और इंटरमिटेंट फास्टिंग कुछ विशेषज्ञ-समर्थित तरीके हैं जो दैनिक आधार पर नियमितता को बढ़ावा देते हैं।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# रूढ़ियों को तोड़कर इतिहास गढ़ रही महिला खिलाड़ी

हम ऐसी महिलाओं को आगे लाने में सफल हो रहे हैं, जो कठिनाइयों से जूझते हुए खेल रही हैं। बदलाव की यह बयार जारी रहनी चाहिए, क्योंकि ये लड़कियां कहीं बेहतर की हकदार हैं। अपने देश में महिला प्रीमियर लीग... अपने देश में महिला प्रीमियर लीग, यानी डब्ल्यूपीएल का आगाज हो चुका है। दुनिया भर में महिला खेलों का विकास बदस्तूर जारी है। इसे पिछले साल एक नई ऊर्जा मिली थी। दरअसल, साल 2023 में


राम गोपाल सैनी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लंबे अंतराल के बाद दो टेस्ट खेले। इंग्लैंड में द हंड्रेड वीमेंस कॉम्पिटिशन (क्रिकेट प्रतियोगिता) के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। टूर डी फ्रांस फेमिनिन (साइकिल प्रतियोगिता) एक रोमांचक श्रृंखला साबित हुई। फॉर्मूला वन ने महिला ड्राइवरों के लिए फीडर प्रोग्राम की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने संयुक्त रूप से फीफा महिला विश्व कप का आयोजन किया। इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड और गोल्फर रोरी मैक्लरॉय जैसे खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर का खिताब जीता, वहीं द गार्जियन के फुटबॉलर ऑफ द ईयर के लिए स्पेनिश खिलाड़ी जेनी हर्मोसो को नामित किया गया। जाहिर है, खेलों में महिलाओं की दुनिया लगातार निखर रही है, पर सुधार की गति उम्मीद से धीमी है। अब डब्ल्यूपीएल में ही 10 टीमें हैं, पर पांच टीमों के साथ इसे शुरू किया गया। बेशक, बीसीसीआई ने फिल्मी सितारों के प्रदर्शन से इसके उद्घाटन समारोह को आकर्षक बना दिया, पर कोलकाता नाइट राइडर्स (जिसके मालिक शाहरुख खान हैं) जैसी बड़ी आईपीएल फ्रेंचाइजी के पास अब भी डब्ल्यूपीएल टीम नहीं है। इसी तरह, महिला और पुरुष, दोनों क्रिकेट खिलाड़ियों को समान वेतन जरूर मिलता है, लेकिन महिलाएं शायद ही टेस्ट क्रिकेट खेलती हैं। फ्री हिट द स्टोरी ऑफ वीमेंस क्रिकेट इन इंडिया की लेखिका सुप्रिता दास कहती हैं, इन सबके अलावा परदे के पीछे कई अन्य मसले भी हैं और टीम व बैकरूम स्टाफ के चयन-प्रक्रिया भी उलझी हुई है। आईपीएल और आईएसएल के साथ काम करने वाले मार्केटिंग प्रोफेशनल मानते हैं कि प्रायोजकों को महिलाओं के खेल में निवेश करने के लिए मनाना आज भी काफी मुश्किल होता है।

उनमें यह पूर्वाग्रह भी है कि महिलाओं के खेल की गुणवत्ता कमजोर होती है। जो सच नहीं है। हालांकि, सवाल सिर्फ प्रायोजकों का नहीं है, पेशेवर रूप से खेलने में सक्षम बनने के लिए महिला खिलाड़ियों को खुद कई चुनौतियों से टकराना पड़ता है। विकसित देशों से लेकर विकासशील दुनिया तक, जिम्नास्टिक से लेकर कुश्ती तक, बीच वॉलीबॉल से लेकर फुटबॉल तक, तमाम जगहों पर महिला खिलाड़ियों को जूझना पड़ता है। सरकारी निकायों व खेल संस्थाओं द्वारा उन्हें हतोत्साहित किया जाता है। और, यह सब तब हो रहा है, जब महिलाओं के खेल अविश्वसनीय रूप से मुख्यधारा में आने लगे हैं। भारत की सात ओलंपिक पदक विजेता महिलाओं में एक साक्षी मलिक ने अपने व अन्य पहलवानों के साथ भारतीय कुश्ती महासंघ के मुखिया बृजभूषण शरण सिंह द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार की ओर सबका ध्यान खींचने के लिए कई दिनों तक विरोध-प्रदर्शन किया।

उधर, अमेरिका में लगातार कई ओलंपिक पदक जीतने वाली सिमोन बाइल्स सहित कई युवा जिमनास्टों के साथ टीम के डॉक्टर ने वर्षों तक दुर्व्यवहार किया। जाम्बिया महिला फुटबॉल टीम के कोच पर तो यौन-उत्पीड़न का आरोप था, फिर भी उनको विश्व कप टीम का हिस्सा बनाया गया। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, ब्रिटेन और कोलंबिया की फुटबॉल टीमों में वेतन-बोनस न मिलने के खिलाफ आवाज बुलंद होती रही। स्पेन का यौन उत्पीड़न कांड तो लोगों के जेहन में अब भी ताजा होगा। साफ है, भारत ही नहीं, कई अन्य देशों में भी महिलाओं के लिए खेल को एक पेशे के रूप में अपनाना अब भी बड़ी चुनौती है। उन्हें शादी के दबाव, परंपरा तोड़कर खेलने, परिवार से दूर रहने जैसी मुश्किलों से भी लड़ना पड़ता है।

### नवनिर्मित राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह

# समाज के विकास में भामाशाहों का योगदान प्रेरणादायीः प्रेमचंद बैरवा



**जयपुर(नि.सं.)।** डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि समाज की सेवा में भामाशाहों का सदैव प्रेरक योगदान रहा है। जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा बीकानेर जिले के नवनिर्मित राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के रूप में श्रीडूंगरगढ़ वासियों को दी गई इस सौगात के लिए पारख परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य न केवल समाज के विकास में भामाशाहों की प्रतिबद्धता दिखाते हैं

बल्कि इससे व्यक्तियों की अपनी जड़ों और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता भी प्रकट होती है । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यहां आवश्यकतानुसार स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा।

बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है हम सब अपने देश को विकसित बनाने में भागीदारी का संकल्प लें।

इस अवसर पर केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट व पारख परिवार ने परोपकार की मरु संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया हैं। व्यापार बाहर करने के बावजूद वे इस क्षेत्र के विकास में सदैव तत्पर रहे हैं। कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण इस क्षेत्र की बालिकाओं के शैक्षिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का जो नारा दिया है पारख परिवार जैसे भामाशाह सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर विकास के इस संकल्प को सिद्ध कर रहे हैं।

## पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्धःगृहराज्य मंत्री

**जयपुर(नि.सं.)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं उनके सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा की पत्रकारों के साथ हुई किसी भी घटना पर पुलिस तुरंत एवं त्वरित कार्रवाई करे। गृहराज्य मंत्री बेढ़म भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी बात रख रहे थे।



देवनानी ने रखी साइंस पार्क की आधारशिला

## अब 28 करोड़ की लागत से बनेगा, पर्यटन और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर, तारामंडल सहित कई खासियतें होंगी

जयपुर(नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत की। उन्होंने पंचशील में साइंस पार्क और इसकी चारदीवारी की आधारशिला रखी। खास बात यह है कि अजमेर के साइंस पार्क को एक दर्जा बढ़ा कर ग्रेड दो का कर दिया गया है। अब इसके निर्माण पर करीब 28 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसमें तारामंडल सहित कई खासियतें होंगी। पंचशील में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर को साइंस पार्क की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि यह साइंस पार्क अजमेर के भविष्य की नींव है। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। बच्चों को साइंस से जुड़ी जानकारियों में पूर्णतः अपडेट रहना चाहिए अजमेर के विद्यार्थियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह साइंस पार्क नई जानकारियों का एक पूरा जहां खोलेगा। यहां साइंस से जुड़ी जिज्ञासाओं को समाधान होगा। बच्चों अपने आपको एक नई जानकारी से रूबरू जाएंगे। देवनानी ने कहा कि अजमेर का साइंस पार्क पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से भी नई राह खोलेगा। यहां आने वाले पर्यटक होटल, परिवहन और खाद्य पदार्थों के व्यापार के लिए नए अवसर बनाएंगे। यह स्कूलों में भी एक नई सोच को बढ़ावा देगा।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा